Roll No. ..................

**03/A**

Total No. of Questions : 12]

[Total No. of Printed Pages : 7

**X**

**2039**

**वार्षिक परीक्षा प्रणाली**

**HINDI**

**(Morning Session)**

Time allowed : Three hours

Maximum marks : 90

**नोट :** *(i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड वाले खाने में विषय-कोड/पेपर-कोड* **03/A** *अवश्य लिखें।*

*(ii) उत्तर-पुस्तिका लेते ही इसके पृष्ठ गिनकर देख लें कि इसमें टाइटल सहित 26 पृष्ठ हैं एवं सही क्रम में हैं।*

*(iii) उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गये पृष्ठ/पृष्ठों के पश्चात् हल किए गए प्रश्न/प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।*

*(iv) कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी। अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा हुआ उत्तर न काटें।*

*(v) प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दें।*

*(vi)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(vii) लिखाई सुन्दर एवं साफ हो।*

**भाग-क**

**1.** (i) हाँ अथवा नहीं में उत्तर दीजिए -

'सदाचार' शब्द का विपरीत शब्द 'दुर्जन' होगा-हाँ अथवा नहीं 1

(ii) 'अमृतधारा' समस्त पद के निम्नलिखित समास-विग्रह-विकल्पों में से सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

(क) अमृत पर धारा (ख) अमृत में धारा

(ग) अमृत की धारा (घ) अमृत के लिए धारा 1

(iii) नीचे दिए गए कथन में से सही कथन होने पर सही और गलत कथन होने पर गलत लिखिए :

'उपचार' शब्द का विशेषण होगा - 'औपचारिकता' 1

(iv) नीचे दिए गए कथन में से सही कथन होने पर सही और गलत कथन होने पर गलत लिखिए :

'उपकार को मानने वाला' अनेक शब्दों के लिए एक शब्द होगा-'कृतज्ञ' 1

(v) 'गंगा' शब्द के निम्नलिखित में से सही पर्यायवाची शब्द को चुनकर लिखिए -

गंगा

(क) सरिता

(ख) भागीरथी

(ग) सलिलाशय 1

(vi) मीराबाई की 'पदावली' के अनुसार श्रीकृष्ण ने किस प्रकार का मुकुट धारण किया है ? 1

(vii) 'गाता खग' कविता के अनुसार लहरें किस उमंग से आगे बढ़ती जाती हैं ? 1

(viii) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

'नर्स' कहानी में महेश सिस्टर ------ से घुल-मिल गया था। 1

(ix) 'हाँ' अथवा 'नहीं' में उत्तर दीजिए -

'ठेले पर हिमालय' निबन्ध में लेखक और उनके मित्र डाक बंगले में ठहरे थे। - हाँ अथवा नहीं। 1

(x) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव ने तस्करों को मारकर उनसे कितने लाख का सोना छीना था ? 1

निम्नलिखित में से सही विकल्प को चुनकर लिखिए :

(क) पाँच लाख (ख) छह लाख

(ग) सात लाख (घ) आठ लाख 1

10×1=10

भाग-ख

2. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

(i) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए -

अति + अधिक 1

अथवा

निम्नलिखित शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए -

सूर्योदय 1

(ii) निम्नलिखित समस्त पद (समास) का विग्रह कीजिए -

हवनसामग्री 1

अथवा

निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद (समास) बनाइए -

महान है जो देव 1

(iii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द की भाववाचक संज्ञा बनाइए -

शांत, कुमार 1

(iv) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण बनाइए -

घृणा, पुष्टि 1

(v) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -

जंगल, शत्रु 1

(vi) निम्नलिखित में से किसी एक समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का प्रयोग वाक्य में इस तरह करें ताकि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए -

अवधि-अवधी, उधार-उद्धार 1

(vii) निम्नलिखित में से किसी एक वाक्यांश (अनेक शब्दों) के लिए एक शब्द लिखिए -

दर्द से भरा हुआ, सप्ताह में एक बार होने वाला 1

(viii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विलोम शब्द लिखिए -

त्याज्य, कलंकित 1

(ix) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के अनेकार्थक शब्द (कम से कम दो) लिखिए -

वंश, गुरु 1

(x) निम्नलिखित में से किसी एक अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए -

(क) रानी छत में खेल रही है।

(ख) उसके पिता जी अफसर लगे हुए हैं। 1

10×1=10

भाग-ग

3. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए -

तुलसी ममता राम सों, समता सब संसार।
राग न रोष न दोष दुःख, दास भए भव पार।। 1+4=5

अथवा

लेकिन हम अपने से खुले, खिले, फूले हैं —
रंग लिए, रस लिए, पराग लिए —
हमारी यश-गंध दूर-दूर-दूर फैली है,
भ्रमरों ने आकर हमारे गुन गाए हैं,
हम पर बौराए हैं। 1+4=5

4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए :

(i) 'ममता' कहानी में ममता ने झोपड़ी में आए व्यक्ति की सहायता किस प्रकार की ? 2½

(ii) 'माँ का कमरा' कहानी में बसंती की आँखों में आँसू क्यों आ गये ? 2½

(iii) 'ठेले पर हिमालय' निबन्ध में सूरज के डूबने पर सब गुमसुम क्यों हो गए थे ? 2½

(iv) 'गुरु नानक देव' निबन्ध के अनुसार साधुओं की संगति में रहकर गुरु नानक देव जी ने कौन-कौन से ज्ञान प्राप्त किए ? 2½

(v) 'सूखी डाली' एकांकी के पहले दृश्य में इन्दु बिफरी हुई क्यों दिखाई देती है ? 2½

(vi) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव ने छुट्टी क्यों कैंसिल करा दी थी ? 2½

4×2½=10

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लगभग छह-सात पंक्तियों में दीजिए -

(i) 'दो कलाकार' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए। 5

(ii) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी का क्या उद्देश्य है ? 5

(iii) 'मैं और मेरा देश' निबन्ध में तुर्की के राष्ट्रपति कमालपाशा और भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से सम्बन्धित घटनाओं द्वारा लेखक क्या संदेश देना चाहता है ? 5

(iv) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए -

क्या वह सांचा टूट गया जिसमें ऐसे कठिन कोमल चरित्र ढलते थे ? 5

(v) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए -

बेटा, यह ठीक है कि दस हज़ार की रकम कम नहीं होती। लेकिन उन विधवाओं और मृत अफसरों के परिवारों के बारे में भी तो सोचो, उनकी क्या हालत होगी ? 5

3×5=15

## भाग-घ

6. आपका नाम गिरीश कुमार है। सरस्वती पब्लिक स्कूल, राजस्थान में क्लर्क के पद के लिए आवेदन पत्र माँगे गये हैं। आप इस स्कूल में क्लर्क के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए। 7

अथवा

आपका नाम विद्या कुमारी है। आपके नगर शान्ति विहार, पठानकोट में कुछ अनधिकृत मकान बनाए जा रहे हैं। इनकी रोकथाम के लिए पठानकोट के ज़िलाधीश को आवेदन पत्र लिखिए। 7

7. निम्नलिखित किसी एक विषय पर 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -

(क) गाँव का खेल मेला

(ख) परीक्षा में अच्छे अंक पाना ही सफलता का मापदंड नहीं

(ग) भ्रूण हत्या : एक जघन्य अपराध

8

भाग-ङ

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

गुरु नानक देव जी एक साधारण व्यक्ति नहीं थे। वे एक अवतार पुरुष और समाज सुधारक थे। वे एकता, समानता, प्रेम, सत्य और शांति के प्रतीक थे। वे उस समय पैदा हुए, जब ऊँची जाति के लोग निम्न जाति के लोगों को हेय दृष्टि से देखते थे। लोग भ्रमों और झूठे रीति-रिवाज़ों में आस्था रखते थे। वे भगवान को भूल चुके थे। उन्होंने उन्हें सच्चा मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि सच्चा धर्म और पूजा मानवता से प्रेम करना है। यह हमें आपस में मिलाता है, न कि अलग करता है। एक बार किसी ने उनसे पूछा कि हिंदू बड़े हैं या मुसलमान। तब गुरु जी ने जवाब दिया कि बिना नेक काम के दोनों ही अच्छे नहीं हैं।

(i) गुरु नानक देव जी किसके प्रतीक थे ? 1

(ii) उन्होंने लोगों को कौन-सा मार्ग दिखाया ? 1

(iii) गुरु जी के अनुसार सच्चा धर्म व सच्ची पूजा क्या है ? 1

(iv) 'हेय' तथा 'आस्था' शब्दों के अर्थ लिखिए। 1

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

5×1=5

भाग-च

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** मुहावरों /लोकोक्तियों के वाक्य इस तरह बनाएं ताकि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएं -

(i) सफेद झूठ 1

(ii) कान में तेल डाल लेना 1

(iii) पत्थर निचोड़ना 1

(iv) हरी झंडी दिखाना 1

(v) नाम बड़े और दर्शन छोटे 1

(vi) बन्दर घुड़की, गीदड़ धमकी 1

(vii) तुम जानो तुम्हारा काम जाने 1

5×1=5

### भाग-छ

**10.** निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद कीजिए -

ਛੋਟੇ ਜਿਹੇ ਪੁਸ਼ਤੈਨੀ ਮਕਾਨ ਵਿੱਚ ਰਹਿ ਰਹੀ ਬਜ਼ੁਰਗ ਬਸੰਤੀ ਨੂੰ ਦੂਰ ਸ਼ਹਿਰ ਰਹਿ ਰਹੇ ਪੁੱਤਰ ਦਾ ਪੱਤਰ ਮਿਲਿਆ–"ਮਾਂ ਮੇਰੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਕੰਪਨੀ ਵੱਲੋਂ ਮੈਨੂੰ ਰਹਿਣ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਵੱਡੀ ਕੋਠੀ ਮਿਲੀ ਹੈ, ਹੁਣ ਤਾਂ ਤੈਨੂੰ ਮੇਰੇ ਕੋਲ ਸ਼ਹਿਰ ਵਿੱਚ ਆ ਕੇ ਰਹਿਣਾ ਹੀ ਪਵੇਗਾ।" 5

### भाग-ज

**11.** निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए -

(i) आपका नाम अनुकान्त कौशल है। आप दयानन्द पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ में पढ़ते हैं। आप दसवीं कक्षा के प्रतिनिधि छात्र हैं। आपकी कक्षा का एक छात्र-दल दिनांक 16.12.2018 को शैक्षिक भ्रमण हेतु चंडीगढ़ गया था, जहाँ उन्होंने रोज़ गार्डन व रॉक गार्डन के साथ-साथ पंजाब विश्वविद्यालय की सैर की। इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए। 5

(ii) आपका नाम परंजय कुमार है। आप संकल्प पब्लिक स्कूल, पटियाला के डायरेक्टर हैं। आपके स्कूल में दिनांक 7 दिसम्बर, 2018 को विज्ञान प्रदर्शनी लग रही है। आप अपनी ओर से एक सूचना तैयार कीजिए जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को इसमें भाग लेने के लिए कहा गया हो। 5

### भाग-झ

**12.** निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें -

(i) मान लीजिए आपका नाम राधे श्याम वोहरा है। आपका मालामाल बैंक, शाखा-हैदराबाद में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 84902024 आपको अपने इस खाते में से 2200/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें -

**मालामाल बैंक, शाखा : हैदराबाद**

**बचत बैंक आहरण प्रपत्र**

बचत खाताधारक का नाम : ------------------------------------------------

खाता नम्बर: ------------------------------------------------

कृपया मुझे ------------------ रुपये (अंकों में) ------------- रु. (शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर : -----------

5

(ii) मान लीजिए आपका नाम रौनक लाल है। आपका भारतीय डाक के सेक्टर-26, गुरुग्राम में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 292938485 है। आपको अपने इस खाते में से दिनांक 23.05.2018 को 8500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें :

रुपये निकलवाने का फॉर्म

(जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)

डाकघर का नाम : सेक्टर-26, गुरुग्राम

दिनांक ----------------

बचत खाता सं. : ----------------------------------------------------------------

कृपया मुझे ---------------------------- रुपये (अंकों में) ------------------------ रु. (शब्दों में) का भुगतान करें।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर --------------

5